अमर उजाला 09/04/2024

लघु नाटिका आरंभ कौन करेगा का मंचन

रंगमंच कार्यशाला के समापन पर मौजूद मुख्य अतिथि और अन्य। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में कलाश्री के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का सोमवार को समापन हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ चित्तरंजन दयाल सिंह कौशल, निर्देशक हरियाणा साहित्य संस्कृत अकादमी रहे। प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने कहा कि जीएमएन कॉलेज में विद्यार्थियों को कला और साहित्य के क्षेत्र में प्रेरित करने के लिए कॉलेज प्रशासन द्वारा यह महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई थी।

इस कार्यशाला में कलाश्री के प्रसिद्ध डायरेक्टर अशोक लहरी ने विद्यार्थियों का थिएटर और अभिनय के क्षेत्र में मार्गदर्शन किया एवं उन्हें कला के विभिन्न पहलुओं से रूबरू करवाया। इस थिएटर वर्कशॉप के संपन्न होने पर छात्रों ने अशोक लहरी की ओर से निर्देशित एक लघु नाटिका आरंभ कौन करेगा का मंचन किया।

इस नाटक में पढ़े लिखे बेरोजगार युवक और युवतियों की आर्थिक वेदना को प्रस्तुत किया गया। इस समापन समारोह में कलाश्री के जनरल सेक्रेटरी टीएस दुग्गल को कला क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

डॉ राजेंद्र देशवाल ने बताया कि इस वर्कशाप के माध्यम से विद्यार्थियों को रंगमंच के विभिन्न पहलुओं जैसे अभिनय कौशल, संवाद कला और नाटकीय प्रस्तुति जैसे विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान सह संयोजिका प्रियंका बालदिया, डॉ कामदेव झा, टीसीएस दुग्गल, अशोक लहरी ने छात्रों को मार्गदर्शन किया।